जैसी भी की तेरी भक्ति,
वो काम आ जाये,
मेरे अंत समय में जुबाँ पे,
तेरा नाम आ जाए,
मेरे अंत समय में जुबाँ पे,
तेरा नाम आ जाए।।

तर्ज दिल दीवाने का डोला।

मैं मूरख और अज्ञानी,
करता आया मनमानी,
मेरे सारे दोष भुला दो,
तुमसा ना दयालु दानी,
इकबारी तेरा मुझपे,
इकबारी तेरा मुझपे ये,
अहसान हो जाए,
मेरे अंत समय में जुबाँ पे,
तेरा नाम आ जाए,
मेरे अंत समय में जुबाँ पे,
तेरा नाम आ जाए।।

ये धन दौलत और माया,
ये पंचतत्व की काया,
सब छोड़ पड़ेगा जाना,
इसने कब साथ निभाया,

जब दम निकले,
जब दम निकले मुझे लेने,
मेरा श्याम आ जाए,
मेरे अंत समय में जुबाँ पे,
तेरा नाम आ जाए,
मेरे अंत समय में जुबाँ पे,
तेरा नाम आ जाए।।

वेदो ने यही लिखा है,
ऋषियों ने यही कहा है,
तेरा सुमिरन करते करते,
जिसने जग छोड़ दिया है,
सोनू वो तो,
सोनू वो तो सीधा ही,
तेरे धाम आ जाए,
मेरे अंत समय में जुबाँ पे,
तेरा नाम आ जाए,
मेरे अंत समय में जुबाँ पे,
तेरा नाम आ जाए।।

जैसी भी की तेरी भक्ति,
वो काम आ जाये,
मेरे अंत समय में जुबाँ पे,
तेरा नाम आ जाए,
मेरे अंत समय में जुबाँ पे,
तेरा नाम आ जाए।।

Singer : Mukesh Bagda

Source: https://www.bharattemples.com/jaisi-bhi-ki-teri-bhakti-vo-kaam-aa-jaye/

Bharat Temples

Complete Bhajans Collections - Download Free Android App
https://play.google.com/store/apps/details?id=com.numetive.bhajans

Facebook: https://www.facebook.com/bharattemples/
Telegram: https://t.me/bharattemples
Youtube: https://www.youtube.com/channel/UC24oJCxZJyhhKzSUD-Lt9Tw